# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : **29.06.2025** प्रसारण समय : **19:20** बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात में कहा– भारत स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक हर क्षेत्र में बढ़ा है आगे।
2. प्रधानमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन गये लखनऊ के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से हुई बात का किया जिक्र कहा– भारत ने एक नया इतिहास रचा है।
3. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल दो दिवसीय दौरे पर आयेंगी उत्तर प्रदेश : बरेली और गोरखपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में लेंगी हिस्सा।
4. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की समीक्षा बैठक को किया सम्बोधित : कहा– प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में खनन क्षेत्र की भूमिका महत्वपूर्ण।
5. प्रदेश भर में रूक–रूक कर गरज–चमक के साथ बारिश का सिलसिला जारी : मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए मध्य से तेज वर्षा का जताया अनुमान।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक देश सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ रहा है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि आज देश की जनता किसी न किसी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा का लाभ ले रही है।

*भारत में स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक, हर क्षेत्र में देश से चुरेशन की भावना से आगे बढ़ रहा है। ये सामाजिक न्याय की भी उत्तम तस्वीर है। इन सफलताओं ने एक विश्वास जगाया है कि आने वाला समय और बेहतर होगा, हर कदम पर भारत और भी सशक्त होगा।*

प्रधानमंत्री ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट का भी उल्लेख किया जिसमें भारत को आंखों की बीमारी ट्रेकोमा से मुक्त घोषित किया गया है। उन्होंने आपातकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि जन–भागीदारी से बड़े से बड़े संकटों का मुकाबला किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस दौरान कई लोगों को कठोर यातनाएं दी गई, छात्रों को परेशान किया गया और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोटा गया।

*देश पर इमरजेंसी थोपे जाने के 50 वर्ष कुछ दिन पहले ही पूरे हुए हैं। हम देशवासियों ने 'संविधान हत्या दिवस' मनाया है। हमें हमेशा उन सभी लोगों को याद करना चाहिए, जिन्होंने इमरजेंसी का डटकर मुकाबला किया था। इससे हमें अपने संविधान को सशक्त बनाए रखने के लिए निरंतर सजग रहने की प्रेरणा मिलती है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21 जून को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में दुनिया भर के करोड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कैलाश मानसरोवर यात्रा, अमरनाथ यात्रा और जगन्नाथ रथा यात्रा की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक– ये

यात्राएं एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव का प्रतिबिम्ब हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व में विकास का मंत्र भारत का नया भविष्य गढ़ने के लिए तैयार है।

प्रधानमंत्री ने हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र गए भारत के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का भी जिक्र किया।

*इस समय सबकी निगाहें इंटरनेशनल स्पेस सेंटर पर भी हैं। भारत ने एक नया इतिहास रचा है। मेरी कल ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बात भी हुई है। आपने भी शुभांशु से मेरी बातचीत को जरूर सुना होगा। अभी, शुभांशु को कुछ और दिन इंटरनेशनल स्पेस सेंटर रहना है। हम इस मिशन्स के बारे में और बातें करेंगे, लेकिन, 'मन की बात' के अगले एपिसोड में।*

—————————

प्रधानमंत्री के मन की बात को आज प्रदेश भर में केन्द्र और प्रदेश सरकार के मंत्रियों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सुना। बदायूं में केन्द्रीय राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा, लखनऊ में प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख और दानिश आजाद अंसारी कार्यक्रम को सुनने के लिए मौजूद रहे। वहीं मुजफ्फरनगर, बस्ती और मेरठ में लोगों ने मन की बात को प्रेरणा दायक बताया। इस दौरान लखनऊ, बदायूं, गौतमबुद्धनगर, सुल्तानपुर, अमरोहा और बस्ती में पौधरोपण किया गया।

—————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल से प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह बरेली और गोरखपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी। पहले राष्ट्रपति बरेली के भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के 11वें

दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी भी मौजूद रहेंगे। बरेली के जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन को लेकर तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। बाइट...

*हम लोगों ने यहाँ पर पूरी तैयारिया कर ली हैं। माननीय जी का लेंडिंग होगी और उसके बाद जो रूट होगा और जब वो आईबीआरआई में आएंगी तो उसको हर जगह पर हमारे मजिस्ट्रेटस, हमारे क्यू रिस्पांस, सबकी ड्यूटी लगाई गई हैं। हम लोगों ने पूरी व्यवस्था को चाक–चौबंद करने के उद्देश्य से मंडलायुक्त महोदय के आदेश के क्रम में जो हमारे मंडल के अन्य जनपद हैं, वहां से भी हमने अपर जिलाधिकारी स्तर के और उप जिला मजिस्ट्रेट जो हैं, वहां के भी अधिकारियों को यहां पर बुला लिया हैं। कहीं किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हों, इस बात के पूरे प्रयास की जा रहे हैं।*

बरेली के बाद राष्ट्रपति गोरखपुर जायेंगी। यहां एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर मेधावियों को पदक प्रदान करेंगी।

वहीं दौरे के दूसरे दिन राष्ट्रपति एक जुलाई को गोरखपुर में बने राज्य के पहले महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में अकादमिक भवन, ऑडिटोरियम, पंचकम केंद्र का लोकार्पण और गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी। राष्ट्रपति गोरखपुर में प्रत्येक गंतव्य तक सड़क मार्ग से जायेंगी।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में खनन क्षेत्र की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने आज लखनऊ में भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि यह क्षेत्र अब केवल खनिज उत्पादन का जरिया नहीं, बल्कि राज्य की आर्थिक प्रगति, निवेश संवर्धन और स्थानीय रोजगार सृजन का प्रभावशाली केंद्र बन गया है। मुख्यमंत्री ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम लगाने के लिए ट्रांसपोर्टरों के साथ समन्वय बनाकर एक मजबूत निगरानी तंत्र स्थापित करने के निर्देश दिए।

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

अयोध्या के श्री राम मंदिर परिसर में जितने भी निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं, उन्हें एक महीने के अंदर भक्तों के लिए खोल दिया जायेगा। राम मंदिर निर्माण समिति क अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने आज मीडिया को यह जानकारी दी। संग्रहालय के निर्माण को लेकर उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में निर्माण कार्य प्रारंभिक चरण में है। बाइट नृपेंद्र मिश्रा.....

*राम कथा संग्रहालय का कार्य जो है अभी बिल्कुल प्रारंभिक स्तर है तो अभी हम वहाँ पर जो सिविल कंस्ट्रक्शन है उसको पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। उसी के साथ–साथ जितनी गैलरी हैं उनमें किस प्रकार और किस टेकनोलोजी के माध्यम से हम सभी कथा को या तथ्यों को प्रदर्शित करेंगे, वह अपने में एक महत्पूर्ण चुनौती है और वह एक जो प्रमुख बात है जो तय हो गई है, कानूनी पक्ष और खुदाई की जो वस्तुएं हैं, उनको एक साथ मिला कर हम प्रदर्शित करने जा रहे हैं।*

———————

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की वर्ष 2024 की पीसीएस मुख्य परीक्षा आज से शुरू हो गई है, जो दो जुलाई तक चलेगी। इसके लिए लखनऊ में 19 और प्रयागराज में 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। एक रिपोर्ट...

*पीसीएस मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए 14 हजार से अधिक अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा दो पालियों में कराई जा रही है। पहली पाली का समय सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली का समय दोपहर ढाई बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक है। इस भर्ती के माध्यम से 947 पदों पर चयन किया जाएगा। परीक्षा के आयोजन को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। ओएमआर सीट को कोषागार के डबल लॉक से परीक्षा केन्द्र तक लाने की जिम्मेदारी सेक्टर मजिस्ट्रेट को सौंपी गई है। इसे परीक्षा शुरू होने के एक घंटा पहले सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा केंद्र पर पहुंचाया गया है। यह प्रक्रिया दो जुलाई तक चलेगी। परीक्षा केंद्रों की सीसीटीसी से निगरानी की जा रही हैं।*

*प्रश्न–पत्रों की गोपनीयता बनाये रखने के लिए इन्हें पांच स्तरों में पैक किया गया है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।*

---

**प्रदेश भर में एक से सात जुलाई तक वन महोत्सव में 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। प्रदेश में पौधरोपण के लिए दो हजार 586 पौधशालाओं में 52 करोड़ 43 लाख पौधे तैयार किए गए हैं। वन विभाग सड़कों के किनारे एक करोड़ 14 लाख पौधे लगाएगा, वहीं यूपीडा द्वारा एक्सप्रेसवे के समीप भी ढाई लाख पौधरोपण किया जाएगा।**

---

**आगरा के थाने फतेहपुर सीकरी क्षेत्र के राजस्थान सीमा के पास चम्बल परियोजना के लिए की जा रही खुदाई के दौरान मिट्टी का टीला ढहने से चार लोगों की मौत हो गई और दो गम्भीर रूप से घायल हो गये हैं। मृतकों में दो महिलायें भी शामिल हैं। घायलों का राजस्थान के भरतपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

---

**दक्षिण–पश्चिम मानसून आज उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर गया है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून सामान्य तिथि से नौ दिन पहले पूरे देश में पहुंचा है। लखनऊ, कानपुर, अम्बेडकरनगर, अमरोहा, बदायूं, फर्रूखाबाद सहित राज्य के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में आज अनेक स्थानों पर गरज–चमक के साथ रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला**

जारी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में प्रदेश भर में मध्यम से तेज बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है।

————————